बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited
(निबंधित कार्यालयः–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
TINVAT NO-10011255025 CIN-U74110BR2012SGC018889
Website:www.bsptcl.bih.inc.in
DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION

संकल्प सं० – 1537/ पटना, दिनांक 23/06/22/

T-II/Allegation-CE-41001/2021

श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, प्रभारी संचरण जोन, भागलपुर के विरूद्ध बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के संकल्प संख्या–1377 दिनांक–19.08.2021 के साथ संलग्न आरोप पत्र में विर्निदिष्ट, कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता एवं कम्पनी का छवि धूमिल करने के आरोप पर विभागीय कार्यवाही संचालित की गई तथा इस विभागीय कार्यवाही में श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत विशेष सचिव, बिहार सरकार को जाँच पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

जाँच पदाधिकारी द्वारा विभागीय जाँच की प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए दिनांक–27.10.2021 को अपना जाँच प्रतिवेदन सभी अभिलेखों सहित उपलब्ध कराया गया। जाँच पदाधिकारी ने अपने जाँच प्रतिवेदन में श्री कुमार के विरूद्ध आरोपों को अप्रमाणित पाया है।

जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन, आरोपी के लिखित बयान, उपस्थापन पदाधिकारी के लिखित कथन एवं अन्य सुसंगत अभिलेखों की पूर्णरूपेण समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत सक्षम प्राधिकार द्वारा जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री कुमार को उनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में लगाये गए आरोप से आरोपमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, प्रभारी संचरण जोन, भागलपुर को उनके विरूद्ध बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के संकल्प संख्या–1377 दिनांक–19.08.2021 के साथ संलग्न आरोप पत्र में उल्लेखित आरोप से आरोपमुक्त किया जाता है।

आदेश– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, (प्रभारी) संचरण जोन, भागलपुर को दी जाय।

आदेशानुसार,

ह0/–

(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)

(कृ0पृ0उ0)

ज्ञापांक 1538 / पटना, दिनांक– 23/06/22

प्रतिलिपि–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/निदेशक (परियोजना)/निदेशक (परिचालन)/सभी मुख्य अभियंता/सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी विद्युत अभियंता/सभी उप सचिव/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/ वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी अवर सचिव/DBA/सभी लेखा पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/प्रशाखा पदाधिकारी–I, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/ श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, (प्रभारी) संचरण जोन, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

2. DBA से अनुरोध है कि इसे कम्पनी के बेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)
23/6/22